CIVIL ENGINEERING

S20

भोपाल विज्ञान मेला में एसएटीआई की फतह

नवभारत न्यूज

विदिशा, सम्राट अशोक अभियांत्रिकीय संस्थान डिग्री के विद्यार्थियों ने भेल दशहरा मैदान भोपाल पहुंचकर दसवां भोपाल विज्ञान मेला 2023 में तीन विज्ञान मॉडल प्रस्तुत किये थे, जिनमें से एक मॉडल ने सिविल केटेगरी में प्रथम एवं एक मॉडल ने तृतीय पुरस्कार प्राप्त किया.

उल्लेखनीय है कि विज्ञान भारती मध्य प्रदेश एवं एमपीसीएसटी भोपाल द्वारा दसवां भोपाल विज्ञान मेला 2023 का आयोजन भोपाल के भेल दशहरा मैदान में आयोजित किया गया. 15 सितंबर से 18 सितंबर तक चले इस आयोजन में विज्ञान मॉडल प्रतियोगिता भी आयोजित की गई थी, जिसमें प्रदेशभर के करीब 98 विज्ञान

सिविल केटेगरी में मिला प्रथम एवं तृतीय पुरस्कार

मॉडल प्रस्तुत किये गये. इस प्रतियोगिता में एसएटीआई विदिशा से डॉ. डीआर साहू एवं संदीप श्रीवास्तव के समन्वयकत्व में तीन मॉडल प्रस्तुत किये गये थे.सिविल ब्रांच के विद्यार्थी आयुष ओझा, आश्रय जैन, अभिषेक राजपूत, कुम्बज प्रसाद ने वेस्ट प्लास्टिक सेंड ब्लॉक मॉडल प्रस्तुत किया, जिसे आयोजन में सिविल केटेगरी में प्रथम पुरस्कार प्राप्त हुआ.पुरस्कार के रूप में टीम को पांच हजार रूपये नगद, प्रमाण पत्र एवं शील्ड प्रदान की गई.वहीं सिविल ब्रांच की प्रीती कुमारी एवं मुकुंद पाटले की टीम ने रोटेटिंग ब्रिज मॉडल पेश किया, जिसे सिविल केटेगरी में तृतीय पुरस्कार प्रदान किया गया.पुरस्कार के रूप में दो हजार रूपये नगद, प्रमाण पत्र एवं शील्ड प्रदान की गई.वहीं छात्रा अंकिता लोधी, प्रिया चौहान एवं शारदा उईके ने ईको फ्रेंडली बिल्डिंग का मॉडल प्रस्तुत किया.महाराजा जीवाजीराव एज्युकेशन सोसायटी के सचिव डॉ. लक्ष्मीकांत मरखेडकर, संस्था संचालक डॉ. आरके पंडित, उपसंचालक डॉ. वायके जैन,आइक्यूएसी कोऑर्डिनेटर एवं जनसंपर्क अधिकारी डॉ आशीष मनोरिया, सिविल विभागाध्यक्ष डॉ. राजीव जैन ने विजेता टीम को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है.